ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्प्ले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

कांग्रेस ने मनाई भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 अगस्त। भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में विचार संगोष्ठी आयोजित की गई, कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस भवन में स्थापित राष्ट्रीय नेतांओ की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर राष्ट्रगान से किया गया।

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनो ने राज्यसभा सांसद अशोक सिंह जी की माता जी, वरिष्ठ नेता अशोक सिकरवार की ताई, कांग्रेस नेत्री श्रीमती सुनीता तोमर की माता जी एवं कांग्रेस नेत्री श्रीमती नीतू चौहान के निधन पर दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि आज हम यहाँ भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमारे देश के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ का प्रतीक है, जब भारत को आजादी दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प. जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, लालबहादुर शास्त्री, बाबा साहेब अंबेडकर, खान अब्दुल गफ्फार खान, गुलजारी लाल नंदा, डॉ. राधाकृष्णन जैसे महान लाखो स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के नेतृत्व में समूचे देश ने अंग्रेज़ी हुकूमत को स्पष्ट संदेश दिया था कि ''अंग्रेज़ों, भारत छोड़ो !

9 अगस्त 1942 को शुरू हुआ यह आंदोलन केवल स्वतंत्रता की मांग नहीं था, बल्कि यह संकल्प था कि हम अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और आज़ादी के लिए किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। देश के कोने-कोने में किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं सभी एकजुट होकर बलिदान दिया। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने जेल की यातनाएँ सही, गोलियों का सामना किया, और अपने प्राणों की आहुति दी। आज, 83 वर्षों बाद, हमें यह स्मरण करना जरूरी है कि स्वतंत्रता सिर्फ़ राजनीतिक आज़ादी नहीं है। यह समानता, न्याय, भाईचारे और जनकल्याण का संकल्प भी है। अगर हम इन मूल्यों को भूल जाएँ, तो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान अधूरा रह जाएगा। कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अग्रणी रही है। जिस तरह 1942 में हमने अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद को चुनौती दी थी, उसी तरह आज भी हमें हर उस ताकत का सामना करना है जो देश के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। हम सभी इस अवसर पर संकल्प लें कि हम नफरत नहीं, भाईचारा फैलाएँगे, अन्याय के सामने कभी चुप नहीं रहेंगे; और अपने देश की एकता, अखंडता व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हर पल तैयार रहेंगे। हम सब मिलकर उन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दें, जिनके बलिदान से हमें यह आज़ादी मिली। और यह प्रण लें कि इस आज़ादी को और मजबूत व सार्थक बनाने में अपना योगदान देंगे।

कार्यक्रम में संगठन प्रभारी महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, जे.एच. जाफरी, सेवादल के देवेन्द्र शर्मा, हामिद खाँ उस्मानी, सज्जन सिंह राठौर, राजीव शर्मा, रशीद पहलवान, तरुण यादव, रमेश भारती, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, हितेन्द्र सिंह यादव, अब्दुल हमीद पप्पू,अनूप शिवहरे, उदप राज मोनू योगी, अनूप जौहरी, संजीव दीक्षित, र अविनाश गुप्ता सहित अनेक कांग्रेस जन सम्मिलित थे।

भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानियों को नमन : मोदी

नईदिल्ली, 9 अगस्त. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन, काकोरी एक्शन, भारत छोड़ो आंदोलन, संस्कृत दिवस और अन्य अवसरों पर विचारशील और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रधानमंत्री इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा, हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया।

विप्रा ब्राह्मण महिला मंच ने मनाया सावन महोत्सव श्रावणी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 अगस्त। विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की ओर से रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर सावन महोत्सव च्श्रावणीज्ञ का आयोजन सिटी सेंटर स्थित निजी होटल में किया। जिसमें गीत एवं

गीत-नृत्य के साथ हुई प्रतियोगिताएं, सम्मान भी किया

नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर हरे रंग के परिधानों में आईं महिलाएं बहुत ही खूबसूरत नजर आई। मंच पर बारी बारी से सभी महिलाओं ने अपना परिचय दिया।

मंच की अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि सबसे पहले विभा शुक्ला और शैलजा मिश्रा ने सिंदूर लगाकर स्वागत किया। फिर अर्चना शर्मा व पूनम सूरी ने सरस्वती वंदना की। इसके बाद विचार विमर्श प्रश्नोत्तरी में पल्लवी शर्मा ने रामायण से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका सही जवाब देने वाले को उपहार दिए। इसी तरह दीप्ति शर्मा व प्रज्ञा कविश्वर ने भी गेम खिलाए। धार्मिक विचार शैलजा ने व्यक्त किये। वहीं रिमझिम करता सावन आया, गर्मी का हो गया सफाया...हरीभरी शाखों पर झूलों की बहार है, सावन रिमझिम में हर दिल खुशहाल है...जैसे गीतों पर सामूहिक नृत्य किया। अंत में सराहनीय कार्य करने वाली कल्पना पाठक, निर्मला शर्मा, सीमा दुबे, निधि भार्गव, गीता शर्मा को सम्मानित किया। संचालन श्रुति उपाध्याय ने तथा आभार ज्योति शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दीप्ति शर्मा, नीतू उपमन्यु, कृष्णा विश्राम शर्मा, अनीता दैपुरिया, कल्पना ऋषीश्वर, सुमन तिवारी, प्रज्ञा कविश्वर, आभा मिश्रा, संगीता शर्मा, मायरा चौधरी, नित्या चौधरी, प्रियदार्शनी शर्मा, मंजू शर्मा, मीना तिवारी, सपना पाराशर, श्रेया तिवारी, श्वेता स्वामी, रजनी शर्मा, माला शर्मा, रूपल शर्मा, रश्मि त्रिपाठी आदि विप्रा संगिनिया उपस्थित रहीं।

मुहब्बत की दुकान का कार्यक्रम आज, दिग्विजय के साथ जयवर्धन भी होंगे शामिल

ग्वालियर 9 अगस्त. मुहब्बत की दुकान नामक सामाजिक संस्था का कार्यक्रम रविवार, 10 अगस्त को बाल भवन में आयोजित किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं उनके पुत्र पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथि महापौर डा शोभा सतीश सिकरवार, विधायकद्वय डा. सतीश सिंह सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर आदि भाग लेंगे। मुहब्बत की दुकान के संरक्षक पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल ने सभी सामाजिक संस्थाओं से कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है।

छह युवकों ने दो युवकों को घेरकर लात-घूसों से पीटकर की फायरिंग

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 अगस्त। दो युवकों के साथ मारपीट और अवैध हथियार से फायरिंग का वीडियो सामने आया है। छह नकाबपोश

मामले में अब तक कोई शिकायत करने थाने नहीं आया

युवकों ने इन दो युवकों को घेरकर लात-घूसों से पीटा। इस दौरान बदमाशों ने हवाई फायर भी किया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डीडी नगर स्थित कुशवाह मार्केट की है। दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी का बदला लेने के लिए नकाबपोश युवकों ने दोनों युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट की। घटनास्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर महाराजपुरा थाने की पुलिस चौकी है लेकिन पुलिस को इस घटना की जानकारी नहीं मिली।

सीएसपी महाराजपुरा नरेंद्र सिंह सिकरवार का कहना है कि वीडियो मिला है, जिसके आधार पर मारपीट और फायरिंग करने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है। हालांकि इस मामले में अब तक कोई शिकायत करने थाने नहीं आया है।

अब नगर निगम की ऑनलाइन सेवाएं वॉट्सऐप पर भी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 9 अगस्त। नगर निगम ग्वालियर ने अपनी डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया है। अब नागरिक वाट्सऐप चैटबोट के माध्यम से विभिन्न नगरीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस नवीन पहल से लोगों को घर बैठे ही अपने शहर की सुविधाओं तक पहुंच मिलेगी।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के द्वारा व्हाट्सएप चैटबौट सेवा चालू की गई है। जिसमें उपभोक्ता अपनी संपत्ति कर एवं जलकर की आईडी को एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को लिखकर अपना संपत्ति कर एवं जलकर की कुल बकाया राशि देखना एवं अपना कर भी ऑनलाइन जमा कर सकता है।

यह वाट्सऐप चैटबोट 24 घंटे उपलब्ध रहेगा, जिससे नागरिकों को किसी भी समय सूचना और सेवाएं प्राप्त करने में सुविधा होगी। नागरिकों को आधिकारिक वाट्सऐप नम्बर 7552465110 पर संदेश भेजना होगा और वे तुरंत इन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही https://wa.me/message/MPL4FR2B2QTLEv?src=qr पर क्लीक कर सम्पूर्ण जानकारी मिल सकेगी। यह कदम डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद करेगा और नागरिकों को सरकारी सेवाओं तक आसान और त्वरित पहुंच प्रदान करेगा।

वाट्सऐप चैटबोट द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाएं- वाट्सऐप चैटबोट के माध्यम से सम्पत्तिकर एंव जलकर का भुगतान, शासन की योजनाओं की जानकारी, विभागीय कार्यालय की जानकारी, आपातकालीन नम्बर, महत्वपूर्ण लिंक्स और अतिरिक्त सेवाओं का लाभ आमजन ले सकते हैं।

परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का योगदान

जयपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को यहां वीरागंनाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया.

शर्मा ने बहनों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि इस त्यौहार का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है. यह भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है. हमारे ऐसे त्यौहारों में समरसता एवं

एकरूपता का संदेश निहित होता है. उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान है. बहनें परिवार में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए उसे संजोने एवं संस्कारित करने की जिम्मेदारी निभाती है. इसलिए हमारी संस्कृति में बहनों का स्थान सर्वोपरि होता है. शर्मा ने कहा रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर छोटी एवं बड़ी बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद मुझे मिला है.

विश्वास और भरोसे के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे-प्रियंका ने रक्षाबंधन पर दी शुभकामनाएं

नयी दिल्ली, 09 अगस्त. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रक्षाबंधन के अवसर पर शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई यह त्यौहार सद्भाव और भाईचारे को और मजबूत करेगा. खरगे ने कहा, बहन-भाई के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के पर्व रक्षाबंधन की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ.

रक्षाबंधन का यह अनोखा त्योहार, जाति, धर्म और पंथ से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और एकजुटता को बढ़ावा देता. साथ

ही, यह भारतीय समाज में महिलाओं की बराबरी और सम्मान पर भी प्रकाश डालता है. उम्मीद है कि राखी का यह पर्व हम सभी के जीवन में परस्पर प्रेम, सद्भाव और सौहार्द की भावना को मजबूत करेगा. वाड्रा ने कहा,

भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और भरोसे के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में ढेरों खुशियां लाए.

नीतीश ने वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर पौधारोपण किया

पटना, 09 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस% के पावन अवसर पर आज राजधानी वाटिका में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा .

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में पौधे का रोपण भी किया. गौरतलब है कि 13 अगस्त 2012 को रक्षा-बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया था. इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें. जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है. जल- जीवन -हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है. राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है. राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कौर, सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

नशे के खिलाफ पंजाब सरकार ने छेड़ी जंग

- पंजाब में नशा तस्करी लंबे समय से समस्या रही है
- एंटी ड्रोन सिस्टम से रहेगी पाक की हर हरकत पर नजर

पंजाब, 9 अगस्त. पंजाब में नशा तस्करी एक लंबे समय से गहराई हुई समस्या रही है. पूर्ववर्ती सरकारों पर मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार ने इस समस्या के खिलाफ नई तकनीक से जंग छेड़ दी है.

अब पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आने वाला नशा सुरक्षित नहीं रहेगा, क्योंकि राज्य में



मुख्यमंत्री केजरीवाल का आरोप है कि पूर्ववर्ती सरकारों ने न सिर्फ इस पर आंखें मूंदी रखीं, बल्कि कई बार तस्करों से साठगांठ भी की. इसका नतीजा ये हुआ कि पंजाब की एक पूरी पीढ़ी नशे की गिरफ्त में चली गई. लेकिन अब हालात बदलने लगे हैं. सरकार ने नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है. कई बड़े नेताओं, अफसरों और तस्करों को जेल की हवा खिलाई जा रही है. एंटी ड्रोन सिस्टम सिर्फ ड्रोन गिराने तक सीमित नहीं है. यह रडार, सिग्नल जैमिंग, और इन्फ्रारेड डिटेक्शन जैसी तकनीकों से लैस है. इसका मतलब है कि जैसे ही कोई संदिग्ध ड्रोन पंजाब की सीमा में घुसेगा, सिस्टम उसे पहचानकर तुरंत निष्क्रिय कर देगा.

अत्याधुनिक एंटी ड्रोन सिस्टम लागू कर दिया गया है.

एंटी ड्रोन सिस्टम से होगी हर हरकत पर नजर पंजाब की नई सरकार ने नशे के खिलाफ जो युद्ध छेड़ा है, उसमें अब तकनीक सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है. अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया है कि उनकी सरकार ने पंजाब में अत्याधुनिक एंटी ड्रोन सिस्टम लागू कर दिया है.

हथियारों की होड़ से शांति संभव नहीं : गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को जापान के नागासाकी में परमाणु हमले की चपेट में आकर मरने वाले लोगों को याद किया और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुये कहा कि हथियारों की होड़ से शांति और सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती.

छत्तीसगढ़ में बनेंगे 34 नए नालंदा परिसर

रायपुर. छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए 34 नए नालंदा परिसर बना रही है. ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे बल्कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है. वहीं रायगढ़ में सीएसआर से 700 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का काम प्रगति पर है. इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42 करोड़ 56 लाख रुपए का करार हुआ है.

ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने पर होगी बातचीत

- जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी
- यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी

वाशिंगटन, 09 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे.

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया, अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी. उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी. श्री ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह श्री पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं. अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे. उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी. श्री ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका नहीं आए हैं और 2018 से श्री ट्रंप से नहीं मिले हैं. ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी.

> बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में श्री पुतिन ने श्री ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र – जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है – और साथ ही क्रीमिया, जिस पर रूस ने 2014 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था उसको छोड़ना होगा.

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.: JHS/Commercial/E-Auction/2025/124 दिनांक: 07.08.2025

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

श्रेणीः पार्किंग | केटलोग संख्याः झाँसी-पार्किंग-41

क्र.सं.	स्टेशन केटेगरी	स्टेशन	ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय	ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय
एसेट्स डिटेल्सः झाँसी मंडल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतुः-				
1	एनएसजी-2	ग्वालियर स्टेशन के पश्चिम दिशा में।	दिनांक 21.08.2025 को समयः 15:00 से	दिनांक 21.08.2025 को समयः 15:50 तक
2	एनएसजी-3	महोबा स्टेशन		
3	एनएसजी-6	ओरछा स्टेशन		

नोटः उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइटः www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1416/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कृष्णा (KRISHANA) पुत्री उदय सिंह (UDAY SINGH) निवासी: ग्राम रतनपुरा पोस्ट खितोली तहसील गोहद गिरगांव भिण्ड गोहद म.प्र. पिन-477116 है। मेरी 10वीं और 12 वीं की अंकसूची एवं मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम **कृष्णा** (KRISHANA) पुत्री **उदय सिंह** (UDAY SINGH) दर्ज है जो कि सत्य व सही है परन्तु आधार नं 4116783624 85 में मेरा नाम **किरन** (KIRAN) लिखा है जो कि गलत है। अनुरोध है कि मेरे सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेजों एवं आधार कार्ड में मेरा नाम **किरन** (KIRAN) के स्थान पर कृष्णा (KRISHANA) पुत्री उदय सिंह (UDAY SINGH) नाम दर्ज करने के कृपा करे। अतः भविष्य में मुझे कृष्णा (KRISHANA) पुत्री उदय सिंह (UDAY SINGH) नाम से लिखा व पढ़ा एवं दर्ज किया जावे।

सूचनाकर्ता
नाम- कृष्णा पुत्री उदय सिंह
निवासी : ग्राम रतनपुरा पोस्ट खितोली तहसील गोहद,गिरगांव भिण्ड,गोहद म.प्र.

JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION
e-Tender Notice No. 612 for 2025-26

Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone II and Zone V (Khedi and Pimprala Nalla) of Jalgaon City. The cost of tender is Rs. 316,55,89,055.00/- (Excluding Tax). The detailed tender document is available at www.mahatenders.gov.in from 08.08.2025. The right to accept and cancel the tender has been reserved by the Commissioner Jalgaon City Municipal Corporation.

Date: 08.08.2025

जा.क्र./ज.श.म.न.पा./प्रकल्प/78/2025

Sd/-
(Dnyaneshwar Dhere)
Commissioner and Administrator
Jalgaon City Municipal Corporation

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान
राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026

खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IASTC) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय **मानक परीक्षा (NSE) (विज्ञान विषयों के लिए)** में शामिल होना होगा।

एनएसई में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए:
एनएसईः **https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2025)**
अधिक जानकारी के लिएः **https://olympiads.hbcse.tifr.res.in https://www.iapt.org.in**

CBC 48143/12/0005/2526

भारत-ब्राज़ील ने अमेरिकी प्रतिबंधों को नकारा

बहुपक्षवाद और निष्पक्ष व्यापार के समर्थन का वादा

नयी दिल्ली/ब्राज़ीलिया,09 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों और आयात शुल्क की कड़ी आलोचना की है. दोनों नेताओं ने बहुपक्षवाद की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प दोहराया.

एक घंटे की बातचीत में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा गुरुवार को मोदी और लूला के बीच लगभग एक घंटे तक फोन पर वार्ता हुई, जिसमें वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, बढ़ते व्यापार तनाव और आपसी समन्वय की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई. बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने बहुपक्षवाद की रक्षा और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता पर जोर दिया. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत और ब्राज़ील दोनों पर 50प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है.

> **ब्रिक्स और डॉलर का मुद्दा**
> भारत और ब्राज़ील दोनों ब्रिक्स समूह के सदस्य हैं. ट्रम्प ने इस समूह को अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं.
>
> **यूक्रेन संघर्ष पर भी दबाव**
> ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध में रूस पर दबाव बनाने के लिए उसके व्यापारिक साझेदारों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है. रूस ने इसे खारिज करते हुए कहा कि संप्रभु राष्ट्र अपने व्यापारिक साझेदार स्वतंत्र रूप से चुन सकते हैं.